**खबर संक्षेप**

## अहिरवार समाज का अखिल भारतीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन

**मण्डला।** अहिरवार समाज मण्डला के जिला अध्यक्ष आर0के0 चौधरी ने विज्ञप्ति जारी कर बताया है कि अहिरवार समाज का अखिल भारतीय युवक-युवती परिचय-परिणय सम्मलेन दिनांक 18 जनवरी 2026 दिन-रविवार को मानस भवन राईट टाउन स्टेडियम के बाजू से जबलपुर में आयोजित किया जा रहा है। जिसका पंजीयन प्रारंभ हो चुका है। सामाजिक बंधुओं से अनुरोध है कि विवाह योग्य अपने पुत्र-पुत्रियों का षीघ्र पंजीयन करावें पंजीयन हेतु प्रपत्र एवं अन्य जानकारी हेतु सम्पर्क सूत्र मण्डला से आर0के0 चौधरी, सुरेन्द्र चौधरी, सुरेष चौधरी, मेहरचन्द बघेल, ष्यामाचरण चौधरी, बिछिया से सी0आर0 अहिरवार, निवास से चमनलाल चौधरी एवं नैनपुर से राजाराम देषाई, प्रदीप देषराज एवं बम्हनी से रामकुमार चौधरी से सम्पर्क कर अधिक जानकारी प्राप्त की जा सकती है। सामाजिक बंधु अपना दायित्व समझते हुए कार्यक्रम में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनावें।

## आकस्मिक मृत्यु पर आर्थिक सहायता स्वीकृत

**मण्डला।** रियांश पिता श्री बलराम मरकाम निवासी ग्राम करौंदी, तहसील निवास की 26 अप्रैल 2025 को सर्प के काटने से मृत्यु हो जाने के कारण निकटतम वारसान को 4 लाख रूपए आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व निवास के द्वारा मृतक के निकटतम वारसान पिता श्री बलराम के खाते में आर्थिक सहायता की राशि प्रदाय की गई है।

**माँ नर्मदा में मिलते नालों से क्या मिलेगी मुक्ति**

# नव कैलेण्डर वर्ष 2026 से अपेक्षायें



## * शराब और रेत के अवैध कारोबार पर क्या कसी जायेगी नकेल।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

नगर के मध्य स्थित चौराहे पर जहां कभी ट्रैफिक लाईट जगमगाया करती थी अब वहां बायें-दायें से आते बड़े वाहनों के बीच छोटे वाहनों में संघर्ष करती छात्राओं की स्थिति और उसी दौरान कानों में पड़ता यातायात विभाग का यह संदेश कि जिले मण्डला में आप सभी का स्वागत है निश्चित रूप से ऐसा लगता है जैसे कोई षड़यंत्र कर मण्डला को बदनाम करना चाह रहा हो। हम बाहर से आने वाले लोगों को क्या मण्डला की यही पहचान बताने उत्सुक रहते हैं या फिर इस गौरवशाली गढ़ा मण्डला की जो ऐतिहासिक विरासत रही है और मण्डला का जो वर्चस्व रहा है उसे हम पुनः स्थापित करने में इस नव कैलेण्डर वर्ष 2026 में सफल होंगे?

### क्या मिलेंगी रेल सुविधायें

खूबसूरत सा रेल्वे प्रवेश द्वार और बेहतर रेल्वे प्लेटफॉर्म देखकर शहरवासियों का सीना चौड़ा हो जाता है लेकिन जब ट्रेनों की बात आती है तो फिर शर्मिंदगी भी होती है। मण्डला क्या देश का अंतिम सिरा है कि यहां से आगे रेल लाईन जा ही नहीं सकती और क्या हमें कभी लंबी दूरी की रेल सुविधायें प्राप्त होंगी या फिर पहले की तरह राजनैतिक नेतृत्व का ही रोना रोते रहेंगे?

### परिसीमन से क्या मिलेगा फायदा

पिछले बार हुये परिसीमन का दर्द आज भी लोगों के चेहरों पर झलक रहा है अब जबकि आने वाले समय में नया परिसीमन होना है तो क्या पुरानी गलती फिर दोहराई जायेगी या फिर ईमानदारी के साथ मण्डला को उसका हक मिलेगा जो पूर्व के वर्षों में मिलता रहा है क्या यहां किसी सामान्य राजनैतिक नेतृत्व की भी कठिन परीक्षा होगी या फिर पुराने ढर्रे में ही हमें आगे जीना होगा।

### नीतिगत होगी प्रशासनीय प्रतिबद्धता

मण्डला में भले ही दमदार राजनैतिक नेतृत्व रहा हो लेकिन हावी तो अफसरशाही ही रही है यह परम्परा वर्षो से हमारी पहचान बनती रही है और क्या आगे भी हमें इसी पहचान के साथ जीना होगा। मण्डलावासियों ने हमेंशा अधिकारियों को अपना माईबाप माना है और उनका मानना है कि अधिकारियों द्वारा ही न केवल उनके हितों की पूर्ति होगी बल्कि मण्डला का सर्वागींण विकास भी होगा। हमारी यह उम्मीद अभी तक तो खरी नहीं उतरी है आगे क्या इस परिपाटी पर हम लोगों की सोच बदलती हुई देखेंगे।

### शिक्षा मंदिरों की क्या बदलेगी व्यवस्था

हमारा भारत जो अब विश्व की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है जहां विश्व की सबसे ऊंची प्रतिमा स्थापित है जहां सुरंगों के मामले में हम पहले पायदान पर आते हैं बड़े-बड़े पुलों के निर्माण में हम अग्रणी हैं ऐसे श्रेष्ठ भारत में यदि हमारा भविष्य तिरपाल के नीचे या जर्जर भवनों में अध्ययन करने मजबूर हो तो फिर विकास की परिभाषा यहां बदलती नजर आती है। शिक्षा की बदहाल व्यवस्था के जो दोषी हैं उन्हें हम पहचानकर सामने लायेंगे और व्यवस्था को ठीक करने जिम्मेदार अपनी भूमिका ईमानदारी से निभा पायेंगे नववर्ष में हम इसी उम्मीद के सहारे है कि देश के भविष्य के साथ हमारे नौनिहालों का भविष्य भी बेहतर परिवेश में उतरोत्तर प्रगति करेगा।

### क्या कांग्रेस की बदलेगी सेहत

सरकार को आइना दिखाने विपक्ष की महत्वपूर्ण भूमिका होती है हमारे प्रदेश में काफी समय से कांग्रेस विपक्षी की भूमिका निभा रही है लेकिन कमजोर नेतृत्व के चलते जिन मुद्दों पर सरकार को घेरना चाहिये उसमें सफल नहीं हो सकी है। लगातार टूटती बिखरती कांग्रेस को क्या ऐसा नेतृत्व मिलेगा जो उसके 2-2 विधायक होने के बावजूद बेहतर परिणाम न देने की स्थिति में कोई सकारात्मक बदलाव लाकर यहां के लोगों के साथ हो रहे अन्याय पर मुखर रहेगा या फिर केन्द्रीय नेतृत्व के बताये रास्ते पर ही चलते हुये स्थानीय समस्याओं की अनदेखी कर नाममात्र के लिये विपक्षी भूमिका में ही अग्रणी रहेगा?

अंत में हम नववर्ष से यह भी उम्मीद करते हैं कि नगर में यातायात व्यवस्था बेहतर होगी, पार्किंग के नये स्थान बनेंगे, अतिक्रमण पर लगाम लगेगी, सड़कों पर आवारा पशु नहीं दिखाई देंगे, बेलगाम वाहनों की धमाचौकड़ी रूकेगी और क्या खुले में मांस बिक्री बंद होगी।

## महाकाल की नगरी में वूशु खिलाड़ियों ने लहराया परचम



### * 8 स्वर्ण,3 रजत 2 कांस्य पदक सहित वूशु खिलाड़ियों की ऐतिहासिक जीत।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

वूशु कोच पूर्णिमा रजक ने बताया कि 27 दिसंबर से 29 दिसंबर तक, उज्जैन के राजमाता विजयाराजे सिंधिया स्टेडियम, नानाखेड़ा में 6वी नेशनल मार्शल आर्ट गेम्स आयोजित किए गए जिसमें भारतवर्ष के सबसे व्यापक परंपरागत युद्ध कला के खेल वुशु, बॉक्सिंग, ताइक्वांडो जैसे 14 मार्शल आर्ट आयोजित किए गए। इस खेल के महाकुंभ में देश भर के 20 से अधिक राज्यों के 1000 से अधिक मार्शल आर्ट खिलाड़ियों ने भाग लिया। इसमें मंडला जिले के कुल 13 खिलाड़ियों ने टीम कोच पूर्णिमा रजक के नेतृत्व में भाग लिया। सभी खिलाड़ियों ने अपना उत्कर्ष प्रदर्शन करते हुए 8 स्वर्ण, 3 रजत, और 2 कांस्य पदक प्राप्त किया। स्वर्ण पदक प्राप्त खिलाड़ी - देवश्री उपमन्यु 20kg, मैकल करोसिया 45kg, प्रखर बर्मन 40kg, हर्ष बनवाला 56kg, श्रेयांश चौरसिया 45kg अनुज रजक 52kg,अंश झरिया 65kg समर्थ विश्वकर्मा विंगचुन रजत पदक प्राप्त खिलाड़ी- पार्थ उपमन्यु 28kg, आर्या शुक्ला 36kg, शिवी श्रीवास्तव 45kg कांस्य पदक प्राप्त खिलाड़ी- पावनी सराफ 28kg, मणिका तिवारी 32 kg इन सभी खिलाड़ियों ने शानदार फाइट खेलते हुए यह पदक प्राप्त किया पूर्णिमा रजक, सोनिया रजक, अमन सिंह ठाकुर ने ऑफिशियल की भूमिका निभाई। प्रतियोगिता के समापन में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव उपस्थित रहे उन्होंने अपने संबोधन में कहा ₹मार्शल आर्ट केवल एक खेल नहीं है बल्कि यह आत्मरक्षा,अनुशासन और राष्ट्र सेवा के लिए चरित्र निर्माण का एक सशक्त माध्यम है। पदक प्राप्त खिलाड़ियों को सभी खेल प्रेमियों ने शुभकामनाएं दी।



## नोटिस तामील होने पर निर्धारित दस्तावेज प्रस्तुत कर सकेंगे छूटे हुए मतदाता...........................

**मण्डला।** स्पेशल इंटेसिव रिवीजन (एस.आई.आर.) के तहत मण्डला जिले में 23 दिसंबर को प्रारूप मतदाता सूची प्रकाशित की गई है। जिले में नो मैपिंग श्रेणी में कुल 5235 मतदाता चिन्हित किये गये हैं, जिन्हें नोटिस तामील कराये जा रहे हैं। जिन मतदाताओं की वर्ष 2003 की मतदाता सूची से मैपिंग नही हो पाई है, उन्हे नोटिस प्राप्त होने पर निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित दस्तावेजों की सूची के किसी एक दस्तावेज को प्रस्तुत करने की आवश्यकता होगी। नोटिस तामील होने पर निर्धारित दस्तावेज प्रस्तुत कर छूटे हुए मतदाता अपने नाम निर्वाचक नामावली में दर्ज करा सकेंगे। जिला निर्वाचन कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जिन दस्तावेजों को मान्य किया गया है उनमें किसी केन्द्रीय/राज्य सरकार/सार्वजनिक उपक्रम द्वारा नियमित कर्मचारी/पेंशनर को जारी पहचान पत्र/पेंशन भुगतान आदेश, भारत में किसी सरकारी/स्थानीय निकाय/बैंक/डाकघर/एलआईसी/सार्वजनिक उपक्रम द्वारा 01.07.1987 से पूर्व जारी कोई पहचान पत्र/प्रमाण पत्र/दस्तावेज, सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र, पासपोर्ट, किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड/विश्वविद्यालय द्वारा जारी मैट्रिक/शैक्षणिक प्रमाण पत्र, सक्षम राज्य प्राधिकारी द्वारा जारी स्थायी निवास प्रमाण-पत्र, वन अधिकार प्रमाण पत्र, सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी ओबीसी/एससी/एसटी या अन्य जाति प्रमाण पत्र, राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (जहां उपलब्ध हो), राज्य/स्थानीय निकाय द्वारा तैयार परिवार रजिस्टर, सरकार द्वारा जारी भूमि/मकान आंवटन प्रमाण पत्र, आधार के लिये आयोग के पत्र संख्या 23/2025-ईआरएस/वीओएल-2, दिनांक 09.09.2025 (अनुलग्नक 2) द्वारा जारी निर्देश लागू होंगे।

## श्रीराम वार्ड की नई पार्षद बनी कृतिका शानू चौरसिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

नगरपालिका मंडला के वार्ड क्रमांक 8 श्रीराम वार्ड में हुए उप चुनाव की मतगणना बुधवार को एसडीएम ऑफिस में बनाए गए मतगणना केन्द्र में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सोमेश मिश्रा एवं प्रेक्षक श्री अनूप तिवारी की उपस्थिति में संपन्न हुई। पार्षद पद के लिए हुए इस उप चुनाव की मतगणना दो चरणों में पूरी की गई। ईव्हीएम के माध्यम से प्रथम चरण में मतदान केन्द्र क्रमांक 14 में अभ्यर्थी कृतिका शानू चौरसिया को 278 वोट तथा ममता मुकेश चौरसिया को 129 वोट प्राप्त हुए। जबकि नोटा को 6 वोट मिले। इसी तरह मतदान केन्द्र क्रमांक 15 में अभ्यर्थी कृतिका शानू चौरसिया को 238 वोट तथा ममता मुकेश चौरसिया को 107 वोट प्राप्त हुए। जबकि नोटा को 3 वोट मिले। अंतिम परिणाम के अनुसार कृतिका



शानू चौरसिया को अपने निकटतम प्रतिद्वंदी ममता मुकेश चौरसिया से 280 मत अधिक प्राप्त हुए। विजयी प्रत्याशी को रिटर्निंग ऑफिसर (नगरपालिका) द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

## पर्यटकों के लिए कैंटर बसों के प्रवेश की अनुमति वन विभाग नहीं दे रहा

### * इसलिए अब बसों का संचालन नहीं हो रहा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/भुआबिछिया



कान्हा नेशनल पार्क के सरही गेट के सहित मध्यप्रदेश के राष्ट्रीय उद्यानों और पर्यटन स्थलों पर सुविधाओं में लगातार विस्तार किया जा रहा जिससे पर्यटकों कोई परेशानी ना हो। इसी इसी को ध्यान में रखते हुए मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव द्वारा पन्ना नेशनल पार्क से पर्यटकों की जंगल सफारी के लिए 10 वीविंग कैंटर बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।किंतु सरही गेट मे कैंटर वाहन आये एक माह से ऊपर का समय हो चुका है, पर इसकी अनुमति वन विभाग द्वारा नहीं दी जा रही है और कारण भी नहीं बताए जा रहे हैं। तत्संबंध में वन परिक्षेत्र अधिकारी, सरही से दूरभाष के माध्यम से जानकारी प्राप्त करना चाहा, किंतु संबंधित अधिकारी द्वारा फोन रिसीव नहीं किया। वन विभाग से कैंटर वाहनों की अनुमति नहीं मिलने से पर्यटकों को असुविधा हो रही है। मध्यप्रदेश पर्यटन सरही इकाई के मैनेजर योगेंद्र चौधरी ने बताया कि केटर बस चलने से पर्यटकों में उत्साह रहेगा किंतु वन विभाग के द्वारा अनुमति नहीं मिलने से ये बसे नहीं चल पा रही जो खड़े खड़े खराब भी हो सकती है, ग्राम वासी लाल यादव ने भी केटर बसों को चलाए जाने की मांग की ओर कहा कि बसों के चलने पर्यटकों में विश्वास उत्साह बढ़ेगा।

**अवसर** | **मंडला गॉट टेलेंट: जिले की छुपी प्रतिभाओं को मिलेगा बड़ा मंच।**

# जिले की प्रतिभाओं को मिलने जा रहा मंच





### * पत्रकारों से मांगे गए रचनात्मक सुझाव।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

जिले की सांस्कृतिक प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने एवं युवाओं को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से "मंडला गॉट टैलेंट" प्रतियोगिता का आयोजन नमामि नर्मदे महाआरती ट्रस्ट के तत्वाधान में किया जा रहा है। इस संबंध में कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा द्वारा एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें आयोजन समिति के सदस्यों एवं पत्रकारों ने भाग लेकर अपने-अपने सुझाव प्रस्तुत किए।

बैठक में कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि यह आयोजन केवल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि जिले की छुपी हुई प्रतिभाओं को पहचान देने का माध्यम बने। उन्होंने कार्यक्रम को पारदर्शी, आकर्षक एवं अनुशासित ढंग से आयोजित करने के लिए सभी से सहयोग की अपेक्षा की। पत्रकारों एवं समिति सदस्यों ने आयोजन की रूपरेखा, ऑडिशन, प्रचार-प्रसार, जजमेंट प्रक्रिया एवं प्रतिभागियों की सुविधा को लेकर उपयोगी सुझाव दिए, जिन्हें शामिल करने पर सहमति बनी।

### गायन एवं नृत्य विधा में होगी प्रतियोगिता

"मंडला गॉट टैलेंट" के अंतर्गत गायन और नृत्य विधा में प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। इसके लिए रजिस्ट्रेशन 1 जनवरी से शुरू होगी। रजिस्ट्रेशन शुल्क 500 रुपये निर्धारित किया गया है। यह शुल्क ऑनलाईन फॉर्म के माध्यम से जमा किया जायेगा। इसमें किसी भी प्रकार की समस्या होने पर कार्यालय जिला खेल अधिकारी मंडला में संपर्क किया जा सकता है। इसके अलावा फॉर्म संबंधित जानकारी के लिए दूरभाष नम्बर 8966821052 एवं 8319463567 पर संपर्क कर सकते हैं। रजिस्ट्रेशन के पश्चात ऑडिशन प्रारंभ होंगे।

गायन एवं नृत्य प्रतियोगिता में जिले के 18 वर्ष से अधिक आयु के प्रतिभागी भाग ले सकेंगे। गायन प्रतियोगिता में एकल प्रस्तुति केरोके के माध्यम से जबकि नृत्य प्रतियोगिता में एकल, युगल एवं समूह नृत्य (अधिकतम 8 सदस्य) शामिल हो सकते हैं। सेमीफाइनल कार्यक्रम 16 जनवरी तथा 17 जनवरी को फिनाले प्रतियोगिता के लिए स्थान पृथक से तय कर सूचित किया जायेगा।

बैठक में कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि यह आयोजन मंडला की सांस्कृतिक पहचान को नई ऊंचाई देगा और जिले के कलाकारों को आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करेगा। आयोजन समिति को सभी तैयारियां समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं।

## जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

मेरा युवा भारत मंडला, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वाधान में जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग के स्थानीय सहयोग से जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन पुलिस लाइन ग्राउंड में संपन्न हुआ। जिसका विकासखंड/ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन विगत 20 दिसंबर से 28 दिसंबर 2025 के मध्य विभिन्न विकासखंडों में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विनोद कछवाहा, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद एवं जनपद सदस्य अजीत भीष्म साहनी के गरिमामयी उपस्थिति में प्रतियोगिता का शुभारंभ, खो-खो बालिका वर्ग के मैच के उद्घाटन से किया गया। उक्त कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. आकाश खत्री जी, जिला खो-खो प्रशिक्षक खेल और युवा कल्याण विभाग। मिली सिंह ठाकुर पी.टी.आई एवं आदिम जाति कल्याण विभाग की श्रीमती बाजपेयी। राष्ट्रीय पैरा खिलाड़ी सुश्री जमुना उइके। क्रीडा भारतीय युवा सदस्य मयंक उपाध्याय। सागर पटेल राष्ट्रीय खिलाड़ी। रामवती परते, युवा समन्वयक खेल और युवा कल्याण विभाग। त्रिलोक डोंगरे जी पी.टी.आई.। पंकज उसराठे युवा समन्वयक खेल और युवा कल्याण विभाग। राजेश चौरसिया समाज सेवक की गरिमामयी उपस्थिति रही। उक्त कार्यक्रम प्रभारी रघुनंदन झारिया (लेखा एवं कार्यक्रम अधिकारी) मेरा युवा भारत मंडला रहे। प्रतियोगिता व्यवस्थापक के रूप में अनुराग राय की (सहायक कर्मचारी) मेरा युवा भारत रहे। और मेरा युवा भारत के शिवम ठाकुर (Ex-NYV) का सराहनीय योगदान रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ एवं मंच संचालन शशांक मिश्रा (युवा समन्वयक) के द्वारा किया गया । मेरा युवा भारत द्वारा युवाओं को ज्यादा से ज्यादा संख्या में जोड़ने एवं विभागीय गतिविधियों की जानकारी एवं प्रतियोगिता के माध्यम से युवाओं को रचनात्मक कार्यों की ओर अग्रेषित करना और समाज को अच्छे कार्यों को प्रति जागरूक करने का संदेश दिया गया। प्रतियोगिता के समापन में मेरा युवा भारत द्वारा खिलाड़ियों को ट्रॉफी, मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## खबर संक्षेप

### सांगई में स्कूल में आयोजित हुये एफएलएन मेला

**हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा।** जनपद पंचायत सांईखेड़ा के अंतर्गत आने वाले ग्राम सांगई की एकीकृत शासकीय नवीन माध्यमिक शाला में राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देशानुसार कक्षा पहली एवं कक्षा दूसरी के बच्चों के लिए एफएलएन मेले के द्वितीय चरण का आयोजन किया गया। बताया जाता है कि प्रधान पाठक दशरथ जाटव के मार्गदर्शन एवं प्राथमिक शिक्षक देवेंद्र ठाकुर एवं किरण लता ठाकुर के निर्देशन में आयोजित इस मेला मे विभिन्न स्टालों के अंतर्गत पंजीयन, शारीरिक विकास, बौद्धिक विकास, भाषा विकास, गणित की पूर्व तैयारी, बच्चों का कोना इत्यादि के अंतर्गत होने वाली विभिन्न गतिविधियों यथा संतुलन, हाथ के कार्य, निशाना लगाना, चित्र वाचन, पढ़ना, गिनना, अंक पहचान, बढ़ते क्रम में, जोड़ घटाव, हाथों का समन्वय, सामाजिक व भावनात्मक विकास से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर बच्चों की गतिविधियों से अवगत कराया गया। बताया जाता है कि आयोजित किये गये मेला में बच्चों की माताओ को भी आमंत्रित किया गया था। इस अवसर पर अतिथि शिक्षक चंद्रभूषण नामदेव, फूलवती केवट का सहयोग रहा।

### एटीएम के आभाव में राशि निकालने के लिए परेशान हो रही खुलरी क्षेत्रवासी

**हरिभूमि न्यूज/खुलरी।** जहां एक ओर शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ देने के लिए सरकार का प्रयास है कि हर व्यक्ति को लाभ बैक के माध्यम से प्राप्त हो जिसमें किसी भी प्रकार की गड़बड़ी न हो सके और हर व्यक्ति शासन की योजना का लाभ अपने खाते के माध्यम से ले सके। मगर वही दूसरी ओर देखा जा रहा है कि खुलरी क्षेत्र में स्थित बैक द्वारा अभी तक एटीएम की सुविधा प्रदान नही किये जाने के कारण लोगों को अपने खातों से राशि निकालने के लिए भटकने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है? गौर किया जावे तो खुलरी में स्थिति भारतीय स्टेट बैक शाखा के माध्यम से खुलरी के आलवा ग्राम भौरझिर, घघरोला, पटना, भूमिया ढ़ाना, पिठहरा, सूरना, मुडिया, लिंगा, बिलोनी, बेहरा, तिगुवा, करहैया, सलैया सहित अनेक गांवों के उपभोक्ताओं द्वारा जहां प्रतिदिन लेनदेन किया जाता है, वही दूसरी ओर अनेक ग्राम पंचायतों के खाते भी यही के बैक से संचालित हो रहे है, मगर बैक शाखा द्वारा अभी तक अपने उपभोक्ताओं को राशि निकालने के लिए एटीएम की स्थापना नही किये जाने की स्थिति में क्षेत्र के लोंगो को राशि निकालने के लिए भटकना पड़ता है। क्योंकि यदि किसी को अपनी राशि निकालना होता है तो वह सिर्फ बैक के कार्य दिवस व समय पर पहुंचता है तभी उसे राशि मिल पाती है, यदि अवकाश सहित अन्य समय किसी उपभोक्ता को राशि की जरूरत पड़ती है तो वह भटकने के लिए मजबूर देखा जाता है। इस स्थिति के चलते क्षेत्र की जनता द्वारा ग्राम खुलरी में एटीएम स्थापना की मांग करते हुए यह सुविधा शीघ्र शुरू करने की गुहार लगाई जा रही है।

### सालीचौका में एसबीआई सहित अन्य बैक शाखाओं के स्थापना की उठाई जा रही मांग

**हरिभूमि न्यूज/सालीचौका।** जहां एक ओर प्रदेश से लेकर केन्द्र सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करने वाले लोगों को अनेक प्रकार की जनहितैषी योजनाएं चलाते हुए उनका भला किया जा रहा है। मगर वही दूसरी ओर देखा जा रहा है कि शासन की योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में शासन द्वारा बरती जा रही जरूरी चीजे उपलब्ध नही कराये जाने के कारण ग्रामीण जन इसका लाभ नही ले पा रहे है? जिसके प्रमुख रूप से देखा जावे तो सरकार द्वारा चलाई जा रही लगभग सभी योजनाओं का लाभ लेने के लिए हर व्यक्ति का बैक में खाता होना जरूरी है जिसके लिए कुछ राष्ट्रीयकृत बैकों को शामिल किया गया है। मगर सालीचौका में अभी तक न तो कोई बड़ी बैक की स्थापना हो पाई है और न हो कोई प्रयास होते हुये देखे जा रहे है संपूर्ण क्षेत्र की जिम्मेदारी यहां पर स्थिति मात्र एक छोटी यूको बैक के भरोसे ही चलते हुये देखी जा रही है जो क्षेत्रवासियों को अपने लेनदेने के लिये परेशान होते हुये देखा जाता है।

# अलविदा 2025 ने परेशान किसानों द्वारा किये गये अनोखे प्रदर्शन ने रचा इतिहास
# मादक पदार्थों की गिरफ्त में युवाओं की जिन्दगी सुरक्षित करने पुलिस ने की कार्यवाही








**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।**

मनुष्य के जीवन में वर्षो के आने जाने का सिलसिला चलता ही रहता है पर यह हकीकत है बिदा हुए वर्ष 2025 की समय और समस्याएं तथा राजनीति के बीच जिस तरह बीते हुये वर्ष में नजारे देखने मिले है उसकी क्षेत्रवासियों ने शायद की कभी कल्पना नही की गई होगी..? क्योंकि बीत चुके वर्ष 2025 के शुरूआत युवाओं की जिन्दगी जिस तरह मादक पदार्थो की लत से बर्बाद होते हुये देखी जा रही थी उस पर अंकुश लगाने के लिये पुलिस की कार्यवाही जहां लगतार चलते हुये देखी गई। वही दूसरी ओर इसके लिये उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा व नगर निरीक्षक विक्रम रजक की टीम द्वारा वर्ष के मध्य यानि की अप्रैल माह में जिस प्रकार से एक डम्फर के माध्यम से परिवहन होने वाले शराब के जखीरा को पकड़ने में सफलता हासिल की गई थी वह निश्चित तौर बीते हुये वर्ष 2025 के रिकार्ड में एक बड़ी सफलता के रूप में दर्ज होने से नही चूक पाई है। वही दूसरी ओर इसी माह नगर के कुचबंदिया मुहल्ला में पुलिस द्वारा आरोपी के घर पर बुलडोजर चलाते हुये एक नया रिकार्ड दर्ज किया गया था। वही दूसरी ओर वर्ष के शुरूआती माह में उत्तर प्रदेश के प्रयाग राज में लगे हुये महाकुंभ के लिये जिस तरह भीड़ उमड़ते हुये देखी जा रही थी उसके नगर के रेल्वे स्टेशन पर अनोखे नजारे दिखाई देने से नही चूक पाये थें। वही वर्ष का दूसरा माह नर्मदा जयंती, शिवरात्री पर्व के चलते जहां धर्ममय होते हुये देखा गया तो दूसरी ओर आधार कार्डो के लिये लोगों की लाईनों ने जरूर आमजन को परेशानियों में डाला गया था। वही बीते हुये वर्ष के मार्च माह में नवरात्र पर्व उपरांत नगर के ककरा घाट पर राख परिवहन करने वाले डम्फर से घटित हुई घटना ने एनटीपीसी की कार्य प्रणाली को उजागर करते हुये लोगों को आक्रोश के बीच खड़ा करने में कोई कसर नही छोडी गई थी। वही दूसरी ओर इस मार्ग नगर के महाविद्यालय में सामने आया हुआ फीस घुटना जहां चर्चा का विषय बनने के साथ साथ अनेक लोगों की भूमिका पर संदेह की अंगुली उठाते हुये कटघरे में खड़ा करते हुये देखा गया था। वही अप्रैल माह में जिस तरह गर्मी ने अपना रौद्र रूप दिखाते हुये लोगों को हलाकान करने की शुरूआत की गई थी उसे शायद लोग कभी भुला नही पायेगे। इसके बाद मई माह की शुरूआत होते जिस उम्मीद के साथ क्षेत्र के किसानों ने अपने खेतों में बोई गई मूंग को तैयार किया गया था कि उनकी इस मूंग के माध्यम से बिगड़ी हुई आर्थिक स्थिति में सुधार हो जावेगा। मगर जब सरकार द्वारा मूंग खरीदने के लिये घोषणा नही की गई तो किसानों को आक्रोशित होते हुये देखा गया। इस तरह परेशान किसानों द्वारा जिस तरह मूंग को लेकर अर्ध नग्न होने के साथ घुटनों के बल अनुविभागीय अधिकारी के कार्यालय मार्च करते हुये प्रदर्शन किया गया वह अन्नदाता का प्रदर्शन निश्चित तौर से गाडरवारा क्षेत्र के इतिहास के पन्नों में दर्ज होने से नही चूक पाया है। वही दूसरी ओर इसी मार्ग प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव का नगर में प्रथम बार आगमन होने के चलते वह मंच के ऊपर कुर्सी पर बैठने के दौरान जिस तरह गिर जाने के चलते सोशल मीडिया की सुर्खियों में आने से नही बच पाये थें। वही दूसरी ओर नगर के जमाडा मार्ग पर एक शादी घर में करेन्ट लगने से चार मजदूरों की मौत की घटना ने सनसनी का महौल निर्मित कर दिया गया था। इस तरह किसी भी प्रकार से जून माह निकलने के बाद जुलाई माह की शुरूआत होते हुये शिक्षा सत्र के चलते नगर की सड़को पर एक अनोखी चहल पहल का महौल दिखाई देने की शुरूआत हो गई थी। वही अगस्त माह रक्षा बंधन त्यौहर व गणेश उत्सव के चलते पूरा धार्मिक कार्यक्रमों के बीच निकलते हुये देखा गया। इसके बाद सितम्बर माह में जिस तरह एनटीपीसी अपने बादे से मुकर जाने के चलते किसानों के आंदोलन ने एनटीपीसी की कार्य प्रणाली को एक बार चर्चाओं में लाने में कोई कसर नही छोड़ी गई थी। वही अक्टूबर माह में लोग देवी आराधना में लीन होते हुये देखे गये तो दूसरी ओर नम्बर माह में नगर के खेल मैदान पर आयोजित राष्ट्रीय स्तर के व्हालीवाल प्रतियोगिता से नगर व क्षेत्रवासियों को आनंदित होते हुये देखा गया। मगर इस माह के दूसरे पखबाडे ने समीपस्थ ग्राम बोहानी निवासी देश की सुरक्षा में तैनात आशीष शर्मा के शहीद होने की खबर ने लोगों को शोक में डुबो दिया गया था। इस तरह देखा जावे तो बीता हुआ वर्ष छोटी व बड़ी घटनाओं से भरपूर देखने मिला। वही दूसरी ओर अपराधिक घटनाओं पर रोक लगाने के लिये पुलिस को मेहनत करने में कोई कसर नही छोडी गई जिसके चलते पुलिस द्वारा अनेक चोरी के आरोपियों को पकड़ते हुये जेल भेजने में सफलता हासिल की गई। मगर किसानों की जिन्दगी पूर्णरूप से परेशानियों से गुजरते हुये देखी गई जो आज भी तैसी की तैसी नगर आने से नही चूक रही है। आज से शुरू हो रहे नववर्ष 2026 का स्वागत कर नई आशाएं सजाकर लोग करेगे। यह स्वाभाविक तौर पर माना जाता है कि बीते हुए साल के अंतिम दिवस यानि की कल बुधवार 31 दिसम्बर को वर्ष के अंतिम सूरज के डूबने के बाद अंधकार के आगोश में लोगों को समाते हुये देखा गया। आज नये वर्ष की सुबह अपनी रंगीनी से सभी को विभोर कर नये अंदाज में आशावादी बनकर जीवन व्यतीत करने की प्रेरणा देते हुये देखने मिली। वही देखा जावे तो बीते हुए वर्ष 2025 के अलविदा होने के बाद सौभाग्य की बात है कि आज गुरूवार को भगवान विष्णुजी का प्रिय दिवस विशेष योग में नये वर्ष 2026 का आगाज हो रहा है। ज्ञात हो कि बीते हुये वर्ष 2025 की शुरूआत जहां बुधवार से हुई थी तो वर्ष 2026 की शुरूआत गुरूवार से होने के चलते शुभ माना जा रहा है। इस लिहाज से वर्ष 2025 की उपलब्धियों व घटनाओं तथा आम हलचलों तथा राजनैतिक व सामाजिक परिवर्तन में यदि गहरी नजर डाली जाये तो आईने की तरह यह हकीकत स्पष्ट होती है कि बीते हुए साल में शहर और क्षेत्र के निवासियों के कुछ सपने साकार हुए और बहुत सी समस्याएं भी उन्हे हलाकान करती रही है। गुजरा हुआ वर्ष क्षेत्र के प्राकृतिक आपदा पीड़ित किसानों के लिए राहत देने वाला नही रहा है। यदि देखा जावे तो बीते हुये वर्ष महंगाई ने काफी हद तक आमजन के साथ साथ व्यापारियों के लिये परेशान करने में कोई कसर नही छोड़ी गई थी। मगर आज नये वर्ष 2026 की प्रथम किरण के बीच लोग माँ नर्मदाजी से यही कामना करते हुये देखे जावेगे कि हमे परेशानियों से शीघ्र ही निजाद प्रदान करे माँ....। वही दूसरी ओर नगर की यातायात व्यवस्था जिस प्रकार से अराजकता की बांहो फंसी हुई देखी जा रही है उससे मुक्त नही हो पाने के कारण आमजन में इस बात का अहसास होते हुये जान पड़ रहा है की शायद इस वर्ष भी परेशानियों से जूझते हुए देखे जावेगे...? यह बात जरूर है कि बीते हुये वर्ष ने लोगों को अत्म निर्भर रहने की क्षमता में काफी हद तक इजाफा किया गया है। मगर दूसरी ओर सड़क दुर्घटनाओं में अनेक लोगों की जाने गई जिसके चलते बीता वहां वर्ष 2025 उनके परिजनों के लिये सदा ही यादगार बना रहेगा। वही नगर पालिका के स्तर पर देखा जावे तो वर्ष के शुरू होने से लेकर दिसम्बर माह तक युवा नपा अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा के नेतृत्व में जहां शहर में विकास की गंगा बहती हुई देखी गई और वह लगतार जारी है। दूसरी ओर बीते हुये वर्ष में नगरवासियों सहित क्षेत्र में अनेक इस तरह के समाजसेवी लोगों को खोया है जिनकी कमी शायद की कभी पूरी नही हो पायेगी..? इस प्रकार से बिदा हुये वर्ष 2025 के बाद आज 2026 में भी प्रवेश कर गया है और मगर किसानों के सामने पूर्व की तरह ही परेशानियों में जकड़ा हुआ देखा जा रहा है तथा आज से शुरू होने वाले वर्ष 2026 को लेकर किसानो सहित युवाओं ने अनेक प्रकार के सपने संजोते हुये उसके स्वागत की तैयारी की गई है।

# नूतन वर्ष के स्वागत को लेकर युवाओं में देखने मिल रहा उत्साह, शांति व्यवस्था बनाने के लिये पुलिस द्वारा चलाया जा रहा विशेष चैंकिग अभियान






**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।**

आज गुरूवार से शुरू हो रहे नववर्ष 2026 को दृष्टिगत रखते हुए जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में विशेष अभियान चलाते हुये आमजनों की सुरक्षा को लेकर चाक चौबंद व्यवस्था बनाई गई है। इस सुरक्षा व्यवस्था के दौरान शरारती तत्वों पर पैनी नजर रखी जा रही है। वही दूसरी ओर शांति भंग करने वालों के विरूद्ध भी सख्त कार्यवाही का मन बनाया गया है। बताया जाता है कि नववर्ष के दौरान संचालित होने वाली गतिविधियों को ध्यान में रखते हुए नगर पुलिस द्वारा दो दिवसीय विशेष अभियान चलाया जाकर नियम विरूद्ध वाहन चलाने वालों के विरूद्ध चालानी कार्यवाही की जावेगी साथ ही फिक्स प्वाइन्ट के साथ-साथ पुलिस द्वारा पेट्रोलिंग भी की जा रही हे। नगर सहित क्षेत्र के अंतर्गत आमजनों की सुरक्षा को लेकर चाक चौबंद रहेगी सुरक्षा व्यवस्था। इस संबंध में उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा का कहना है कि नगर की सड़को पर हुडदंग लीला मचाने वालों पर नजर रखने के लिये जहां तहां पाईट बनाते हुये पुलिस तैनात की गई जो निगरानी कर रही है। वही दूसरी ओर होटल, ढ़ाबों के आलवा रेल्वे स्टेशनों पर भी पुलिस द्वारा पैनी नजर रखे हुये है तथा वहां पर आने जाने वाले लोगों की खोज खबर ली जा रही है। इस तरह कल बुधवार को दोपहर से लेकर देर रात तक पुलिस द्वारा विशेष चैकिंग अभियान चलाया गया। वही थाना क्षेत्रों में पुलिस टीमों द्वारा लगातार भ्रमण कर असामाजिक तत्वों एवं गुण्डे बदमाशों पर सतत निगरानी रखी जा रही है साथ ही विभिन्न संवेदनशील स्थानों में फिक्स प्बाईन्ट लगाकर पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों की डियूटी लगायी गयी है। सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए लगातार वाहन चैकिंग, रेल्वे स्टेशन, बस स्टेण्ड, सार्वजनिक स्थलों की भी सर्चिंग की जा रही है एवं बाहर से आने-जाने वालों एवं संदिग्घों पर भी निगरानी रखी जा रही है। साथ ही संपूर्ण जिला अंतर्गत हुड़दंग करने वालों एवं शांति भंग करने वालों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जावेगी। इसी प्रकार से नगर निरीक्षक विक्रम रजक द्वारा बताया गया नये वर्ष के दौरान तत्वों द्वारा की जाने वाली आवारा गर्दी को लेकर पुलिस पूर्णरूप से चौकसे रहते हुये कार्यवाही कर रही है तथा संदिग्धों पर पैनी नजर बनाये हुये है। समीपस्थ थानों के प्रभारियों ने बताया कि नये वर्ष के दौरान क्षेत्र में नर्मदा तटों पर भीड़ रहती है। इस बात का ध्यान रखते हुये पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र के सभी नर्मदाजी की तटों पर निगरानी करने के साथ दो पहिया वाहनों पर तीन सबारी बैठकर आने जाने वालों के खिलाफ कार्यवाही करने के लिये पुलिस द्वारा अलग अलग जगहों पर पाईन्ट बनाते हुये मंगलवार को सुबह से ही देर रात लगातार चैकिंग अभियान चलाया गया।

## जनशिक्षा केंद्र स्तरीय गणित विज्ञान पर्यावरण प्रदर्शनी का हुआ आयोजन



**हरिभूमि न्यूज/चीचली।** जनपद पंचायत चीचली के अंतर्गत आने वाले जनशिक्षा केंद्र तेंदूखेड़ा में राज्यशिक्षा केंद्र के आदेशानुसार जनशिक्षा केंद्र स्तरीय गणित विज्ञान पर्यावरण एवं सामाजिक विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। बताया जाता है कि इस प्रदर्शनी में जनशिक्षा केंद्र तेंदूखेड़ा के अंतर्गत समस्त माध्यमिक विद्यालयो के लगभग 35 छात्रों द्वारा सहभागिता की गई। इन छात्रों ने गणित, विज्ञान, पर्यावरण एवं सामाजिक विज्ञान विषय से संबंधित रोचक एवं ज्ञान वर्धक मॉडल बनाए। उक्त प्रदर्शनी जनशिक्षा केंद्र प्रभारी सतेन्द्र सिंह कौरव एवं जनशिक्षक तेंदूखेड़ा संजय सोनी के मार्गदर्शन में संपन्न हुई। उक्त प्रदर्शनी को सफल बनाने में राजश्री बेलवंशी, संध्या बेलवंशी, निधि कौरव, रामकुमार उदेनिया, राकेश मेसराम, अजहर अली, सपना भनोत्रा, नरेश राय, अविनाश गौंड, अनिका शर्मा, सौरभ शर्मा, भारत कौरव, वीरेंद्र कौरव, निधि कौरव, राजकुमार ठाकुर, देवेंद्र राजपूत, अरविंद सिंह पटेल की महत्वपूर्ण भूमिका रही। प्रदर्शनी का अवलोकन ग्राम वासियों एवं छात्रों के पालकों के द्वारा किया गया। प्रदर्शनी विकास खंड स्त्रोत समन्वयक डी के पटेल के निर्देशन में संपन्न हुई।




## जनशिक्षा केंद्रों में हुआ शैक्षिक संवाद ने तकनीक वाक्य भावार्थ को किया स्पष्ट

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देशों के परिपालन में गत दिवस शैक्षिक संवाद का आयोजन चीचली तथा साईखेड़ा विकास खंड के सभी जन शिक्षा केन्द्रों में संपन्न किया गया। बताया जाता है कि शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय चीचली तथा प्राथमिक शाला ढाना में आयोजित जन शिक्षा केंद्र बारहाबड़ा में कक्षा 3 से 5 एवं कक्षा 6 से कक्षा 8 पढ़ाने वाले शिक्षकों के शैक्षिक संवाद को संबोधित करते हुए विकास खंड स्त्रोत समन्वयक डीके पटेल, जनशिक्षाकेंद्र प्राचार्य भूपेश ठाकुर तथा बीएसी अरुण दुबे ने कहा कि प्राथमिक स्तर पर भाषा सीखने की प्रक्रिया स्वाभाविक और सहज होती है। इस अवस्था में बच्चे प्रश्न पूछकर, कहानियाँ सुनकर, कविताएँ गुनगुना कर तथा अपने अनुभव साझा करके भाषा को आत्मसात करते हैं। हिंदी विषय के शैक्षिक संवाद में शिक्षक और विद्यार्थी के बीच निरंतर बातचीत होती है, जिससे बच्चों में श्रवण, वाचन, लेखन और अभिव्यक्ति की क्षमता विकसित होती है। वही ग्राम बरहटा में जनशिक्षा केंद्र कन्या नवीन के शैक्षिक संवाद में जनशिक्षक बनवारी लाल नागवंशी, अपसार खान, राजेंद्र गुप्ता एवं संजय अवस्थी ने कहा कि हिंदी के पाठों में शैक्षिक संवाद के माध्यम से शिक्षक बच्चों को शब्दार्थ समझाने, वाक्य निर्माण कराने, भावार्थ स्पष्ट करने तथा नैतिक मूल्यों पर चर्चा करने का अवसर देते हैं। इस दौरान शिक्षक सत्यवती कौरव ने चिंतन के विभिन्न प्रकार को विस्तारपूर्वक समझाया। संवाद में बताया गया कि शैक्षिक संवाद से शिक्षकों में नेतृत्व गुणों में निखार एवं विषयगत कठिनाइयों का समाधान प्राप्त होता है। शैक्षिक संवाद में प्राप्त तकनीक का उपयोग शिक्षण कक्ष में परिलक्षित हो सभी शिक्षक ऐसा प्रयास करें। शैक्षिक संवाद केवल पुस्तकों में लिखे ज्ञान को ग्रहण करने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह विचारों के आदान–प्रदान, अनुभवों की साझेदारी और जिज्ञासा के सतत प्रवाह से विकसित होती है। इसी प्रक्रिया का मूल आधार शैक्षिक संवाद है। शैक्षिक संवाद शिक्षक और विद्यार्थी के बीच तथा विद्यार्थियों के आपसी संबंधों में विचारों की वह सेतु-भूमि है। जो शिक्षा को जीवंत और प्रभावी बनाती है। चीचली में शैक्षिक संवाद के प्रभारी सत्यम ताम्रकार तथा सहजकर्ता मन्नालाल पटले, गिरीश ताम्रकार, दीपक मेहरा, माध्यमिक विभाग के सहजकर्ता लेखराम गौतम, तखतसिंह विश्वकर्मा द्वारा पिछले संवाद के पोस्ट वर्क, प्रतिभागियों की अपेक्षाएं, संवाद के उद्देश्य एवं डिजाइन, शिक्षक संदर्शीका के उपयोग पर चर्चा व कक्षा प्रबंधन, सक्रिय सहभागिता, पोस्ट वर्क तथा फीडबैक पर विस्तृत चर्चा की गई। बताया जाता है कि विकास खंड चीचली के उत्कृष्ट विद्यालय चीचली, कठौतिया, सूखाखैरी, तेंदूखेड़ा, करपगांव, शाहपुर, सालेचौका, बारहाबड़ा, कठौतिया तथा साईखेड़ा विकास खंड के आमगांव छोटा के आलवा शासकीय आदर्श स्कूल गाडरवारा, बम्होरी कला, पलोहा बड़ा, बनवारी के जन शिक्षा केंद्र में शैक्षिक संवाद का आयोजन डाइट नरसिंहपुर से प्रशिक्षित जनशिक्षकों तथा सहजकर्ताओं द्वारा किया गया। जिसकी मॉनिटरिंग संदीप स्थापक तथा बीएसी अरुण दुबे, मनीराम मेहरा, पवन राजोरिया द्वारा की गई।

# जल संचय अभियान अन्तर्गत दूधी नदी में किया गया बोरी बंधान का कार्य




**हरिभूमि न्यूज/सालीचौका।**

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद् द्वारा विकास खण्ड चीचली में जल संचय अभियान अन्तर्गत सेक्टर क्रमांक 2 बसुरिया मे नवांकुर संस्था हरदौल जन सेवा समिति बसुरिया एवं मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों के तत्वाधान में ग्राम बेलखेड़ी बसुरिया की दूधी नदी में 274 बोरियों का बंधान बनाया गया बोरी बंधान कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बाबई चीचली जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती राधा बाई / कमलेश आहिवार के आलवा जनपद सदस्य विनिता मेहरा, समाज सेवी शिक्षिका श्रीमती चित्रा पांडे, वृक्ष मित्र संस्था संस्थापक योगेन्द्र सिंह, बागेश्वरी साहित्य से दीपक गुप्ता शिक्षक के आलवा NCI हाई स्कूल प्राचार्य धनराज विश्वकर्मा, बाल कवित्री गरिमा विश्वकर्मा, पर्यावरण प्रेमी सतीश कुमार सोनी, कवि पुरुषोत्तम मुख्त्यार मौजूद रहे। यह बोरी बंधान मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा चलाए गएजल संचय अभियान 15 नम्बर से 31 दिसंबर 2025 के अन्तर्गत किया गया है। इसके माध्यम से बहते जल को रोककर ग्रीष्म काल में पशु-पक्षियों व मनुष्य को जल की उपलब्धता सुनिश्चित कराना तथा भूमिगत जल में वृद्धि करना, बंधान के आस-पास के किसानों के लिए कृषि सिंचाई हेतु जल की उपलब्धता से कृषि सिंचाई के रकबे में वृद्धि कर उनकी आय में बढ़ोतरी करने के साथ ही सब्जी व तरबूज की फसल उत्पादन हेतु जल संचय से जल की उपलब्धता सुनिश्चित कराना इत्यादि प्रमुख उद्देश्यों की पूर्ति करना है।इसी क्रम में जल संचय अभियान में सहभागिता सुनिश्चित करने वाले प्रतिभागियों को नवांकुर संस्था हरदौल जन सेवा समिति बसुरिया द्वारा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। बताया जाता है कि जल संचय अभियान अन्तर्गत इस बोरी बंधान कार्य में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की विकास खण्ड समन्वयक सुश्री स्मिता दांडे, नवांकुर संस्था हरदौल जन सेवा समिति बसुरिया के अध्यक्ष रामकृष्ण राजपूत, सचिव रामेश्वर वर्मा, नवांकुर संस्था ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति भमका के अध्यक्ष श्रीमती नीरू राजपूत, नवांकुर माही संस्था से संतोष चौरसिया, स्वप्निल बड़ारया, पाठ्यक्रम के परामर्शदाता पुखराज राजपूत, कुमारी राधा कीर, ईशा राजपूत, समितियों से खुमान पटेल, लीलाधर लोधी, गुलाब पटेल, रितेश मेहरा, सूर्यकांत पटेल, चंद्रकांत गढ़वाल, कमलेश मेहरा, रज्जू योगेश वर्मा, अरविंद कृष्ण कुमार कुशवाहा, नीलेश वर्मा, मुकेश वर्मा सहित छात्र-छात्राओं ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों तथा ग्राम जन सहभागिता रही।

खबर संक्षेप

## राष्ट्रीय खिताब अर्जित करने वाले प्रतिभागियों ने प्रभारी कलेक्टर से भेंट कर खुशियां की साझा

**अनूपपुर।** राष्ट्रीय पेसा महोत्सव के अवसर पर आंध्र प्रदेश के विशाखापट्टनम में आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता में जिले के प्रतिभागी मध्य प्रदेश की टीम में शामिल होकर राष्ट्रीय स्तर पर कबड्डी प्रतियोगिता के पुरुष वर्ग में विजेता तथा महिला वर्ग में उपविजेता का खिताब अर्जित किया है मध्य प्रदेश की टीम में शामिल अनूपपुर जिले के प्रतिभागियों ने उल्लेखनीय प्रदर्शन कर राष्ट्रीय स्तर की ट्रॉफी अर्जित की जो जिले के लिए सुखद व गौरव के पल हैं। आंध्र प्रदेश के विशाखापट्टनम से लौटकर अनूपपुर जिले के प्रतिभागियों ने आज प्रभारी कलेक्टर एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती अर्चना कुमारी से भेंट कर अपनी खुशियां साझा की इस अवसर पर प्रभारी कलेक्टर श्रीमती अर्चना कुमारी ने प्रतिभागियों को इस उल्लेखनीय सफलता के लिए बधाई और शुभकामनाएं देते हुए उन्हें प्रोत्साहित किया। राष्ट्रीय पेसा महोत्सव के कबड्डी प्रतियोगिता में पेसा के जिला समन्वयक राजेश सिंह तथा खेल एवं युवा कल्याण विभाग के विकासखंड समन्वय कोतमा मिथिलेश सिंह नेताम के नेतृत्व में मध्य प्रदेश की पुरुष टीम में अनूपपुर जिले के प्रतिभागी बसंत कुमार सिंह, विक्रम सिंह, त्रिवेंद्र कुमार सिंह, गोपाल सिंह तथा महिला वर्ग की टीम में पार्वती सिंह, सुषमा रानी, चित्रा कोल, मोनू सिंह धुर्वे शामिल रहे।

## जिले में 15 जनवरी तक होगा कोदो उपार्जन, अब तक 90 क्विंटल कोदो-कुटकी उपार्जित

**अनूपपुर।** रानी दुर्गावती श्रीअन्न प्रोत्साहन योजना अंतर्गत समर्थन मूल्य पर अनूपपुर जिले में किसानों से पहली बार हो रहे कोदो-कुटकी के उपार्जन में जिले में अब तक 14 किसानों से 64.84 क्विंटल कोदो एवं 09 किसानों से 25.07 क्विंटल का उपार्जन किया जा चुका है। जबकि कोदो उपार्जन के विरूद्ध किसानों को 46 हज़ार रूपए भुगतान किया किया गया है। कलेक्टर हर्षल पंचोली के निर्देश पर जिले में किसानों की सुविधा के लिए कोदो कुटकी का उपार्जन एमपीडब्लूसीएल 01 राजेंद्रग्राम (2348003001) के उपार्जन केन्द्र पर किया जा रहा है। उपार्जन केंद्र का विगत दिवस कलेक्टर हर्षल पंचोली द्वारा जायजा भी लिया गया है। उपार्जन केंद्र का संचालन अमरकंटक हॉर्टिकल्चर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड, राजेंद्रग्राम (50948003) कृषक उत्पादक संगठन द्वारा किया जा रहा है।

# बरगांव खरीदी केंद्र का एसडीएम ने किया औचक निरीक्षण, धान उठाव में तेजी के निर्देश





हरिभूमि न्यूज डिंडौरी

किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने और धान खरीदी व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से एसडीएम श्री एश्वर्य वर्मा ने विकासखंड शहपुरा स्थित बरगांव खरीदी केंद्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने धान की आवक, भंडारण और उठाव की व्यवस्थाओं का विस्तार से जायजा लिया।समीक्षा में सामने आया कि केंद्र पर आवंटित 600 स्लॉट में से अब तक 419 किसानों ने धान का विक्रय कर लिया है। हालांकि, 'रेडी टू ट्रांसपोर्ट' (RTT) के अनुपात में उठाव की प्रगति केवल 63 प्रतिशत पाई गई, जिसे लेकर एसडीएम ने असंतोष व्यक्त किया। उन्होंने परिवहन व्यवस्था को तत्काल सुदृढ़ करने के निर्देश देते हुए नियमित ट्रकों के साथ तीन अतिरिक्त ट्रैक्टर-ट्रॉलियां लगाने के आदेश दिए, ताकि समयबद्ध उठाव सुनिश्चित हो सके। एसडीएम ने खाद्य आपूर्ति अधिकारी श्री जयंत असराटी को पूरी प्रक्रिया की सतत निगरानी करने और परिवहन प्रगति की नियमित रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। वहीं केंद्र प्रभारी को धान के सुरक्षित भंडारण हेतु व्यवस्थित ढेर लगाने के लिए कहा गया।एसडीएम श्री वर्मा ने स्पष्ट किया कि खरीदी के दौरान किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसानों की समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जाए, जिससे वे बिना बाधा अपनी उपज का विक्रय कर सकें।

# विद्यार्थियों को बस व टैक्सी किराए में 50 प्रतिशत की छूट, कलेक्टर की नई पहल

**डिंडौरी।** जिले की शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने और विद्यार्थियों को आवागमन में राहत देने के उद्देश्य से कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने एक अहम निर्णय लिया है। नए वर्ष 2026 की शुरुआत से जिले की समस्त शैक्षणिक संस्थाओं में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को विद्यालय एवं घर के बीच यात्रा करने पर बस और टैक्सी किराए में 50 प्रतिशत की छूट मिलेगी।




निर्णय के अनुसार विद्यार्थी जब भी बस या टैक्सी से विद्यालय अथवा घर की यात्रा करेंगे, तो उन्हें संबंधित कंडक्टर को अपना विद्यालय का परिचय पत्र (आईडी कार्ड) दिखाना होगा। इसके उपरांत उनसे निर्धारित किराए का केवल आधा ही लिया जाएगा।कलेक्टर श्रीमती भदौरिया ने इस व्यवस्था के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए परिवहन अधिकारी को निर्देश दिए हैं कि जिले में संचालित सभी बस व टैक्सी सेवाओं—डिंडौरी से मंडला, डिंडौरी से जबलपुर, डिंडौरी-अमरकंटक सहित जिले की सभी सड़कों पर चलने वाले वाहनों के मालिकों और कंडक्टरों को इस संबंध में लिखित सूचना जारी की जाए, ताकि विद्यार्थियों को योजना का लाभ सुनिश्चित रूप से मिल सके।इस पहल से जिले के विद्यार्थियों को नियमित रूप से विद्यालय आने-जाने में आर्थिक राहत मिलेगी, साथ ही शिक्षा के प्रति उनकी निरंतरता और सहभागिता में भी वृद्धि होगी।

## कन्या शिक्षा परिसर बजाग के अधीक्षक बदले

डिंडौरी

कार्यालय कलेक्टर (जनजातीय कार्य) डिंडौरी द्वारा कन्या शिक्षा परिसर बजाग के अधीक्षक पद में परिवर्तन संबंधी आदेश जारी किया गया है। शासन द्वारा निर्धारित निर्देशों के अनुरूप पदस्थापना न पाए जाने पर पूर्व में जारी आदेश को निरस्त कर दिया गया है।जारी आदेश के अनुसार, 11 जुलाई 2025 को सीता परस्ते (प्राथमिक शिक्षक) को कन्या शिक्षा परिसर बजाग (कक्षा 6वीं से 8वीं) तथा रंजीता मरावी (माध्यमिक शिक्षक) को कन्या शिक्षा परिसर बजाग (कक्षा 9वीं से 12वीं) के अधीक्षक पद का दायित्व सौंपा गया था। हालांकि, यह पदस्थापना शासन के निर्देशों के अनुरूप नहीं पाए जाने के कारण भोपाल से जारी आदेश दिनांक 21 अगस्त 2025 द्वारा निरस्त कर दी गई।नवीन आदेश के तहत अब कन्या शिक्षा परिसर क्रमांक-1 एवं 2 (कक्षा 6वीं से 8वीं तथा 9वीं से 12वीं) बजाग के अधीक्षक पद का दायित्व अलका धुर्वे, माध्यमिक शिक्षक उत्कृष्ट विद्यालय बजाग को सौंपा गया है।आदेश में यह भी निर्देशित किया गया है कि सीता परस्ते एवं रंजीता मरावी छात्रावास का समस्त प्रभार अलका धुर्वे को सौंपते हुए अपनी मूल पदस्थ संस्था कन्या हाई स्कूल बजाग में अनिवार्य रूप से उपस्थिति दर्ज कराएं।यह आदेश कलेक्टर जिला डिंडौरी अंजू पवन भदौरिया द्वारा 28 दिसंबर 2025 को डिजिटल हस्ताक्षर के साथ जारी किया गया।

# एसडीएम एश्वर्य वर्मा ने पटवारियों की समीक्षा बैठक ली, राजस्व कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश

**डिंडौरी।** तहसील सभागार कक्ष में बुधवार को एसडीएम श्री एश्वर्य वर्मा की अध्यक्षता में साप्ताहिक राजस्व समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में तहसील के समस्त पटवारियों की उपस्थिति में शासकीय योजनाओं एवं राजस्व प्रकरणों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई।



बैठक के दौरान एसडीएम श्री वर्मा ने शासन की प्राथमिकता वाले कार्यों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने फार्मर रजिस्ट्री एवं पीएम किसान केवाईसी (KYC) का कार्य शीघ्र शत-प्रतिशत पूर्ण करने तथा आरओआर (ROR) को आधार से खसरा लिंक करने की प्रक्रिया में तेजी लाने पर जोर दिया, जिससे किसानों का रिकॉर्ड डिजिटल रूप से अद्यतन रह सके।राजस्व न्यायालयों से संबंधित मामलों को लेकर एसडीएम ने सख्त रुख अपनाते हुए निर्देशित किया कि सभी न्यायालयीन प्रकरणों में जांच प्रतिवेदन निर्धारित समय-सीमा में प्रस्तुत किए जाएं। साथ ही सीमांकन संबंधी आवेदनों का भी समय पर निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए, ताकि किसानों को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें।एसडीएम श्री वर्मा ने स्पष्ट किया कि राजस्व कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी और किसानों को किसी तरह की परेशानी न हो, यह प्रत्येक पटवारी की जिम्मेदारी है।समीक्षा बैठक में तहसीलदार शहपुरा श्री सुंदर लाल यादव सहित तहसील का समस्त राजस्व अमला उपस्थित रहा।

# प्रोगेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन की बैठक में 9 फरवरी को वार्षिक सम्मेलन आयोजित करने का निर्णय

**डिंडौरी।** प्रोगेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन जिला शाखा डिंडोरी की मासिक बैठक संभागीय उपाध्यक्ष प्रकाश नारायण अवस्थी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में वरिष्ठ पेंशनर श्रीमती भागवती पाठक (सेवानिवृत्त तहसीलदार), राय सिंह कुशराम तथा महिला प्रकोष्ठ की प्रांतीय प्रतिनिधि श्रीमती सी.बी. उरैती विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। वहीं मुख्य अतिथि के रूप में सेवानिवृत्त प्रभारी प्राचार्य मदन परस्ते, सेवानिवृत्त डिप्टी रेंजर के.पी. खम्परिया, एस.के. शर्मा तथा न्याय विभाग से सेवानिवृत्त जागेश्वर दास पड़वार उपस्थित रहे।बैठक में संगठन से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा के साथ यह निर्णय लिया गया कि संगठन का वार्षिक सम्मेलन दिनांक 9 फरवरी 2026 (सोमवार) को भवतारिणी मंदिर के पास आयोजित किया जाएगा। बैठक में प्रांतीय संगठन सचिव सह जिलाध्यक्ष रामगोपाल तिवारी, महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष श्रीमती कुंवरिया मरावी, वरिष्ठ सलाहकार पी.पी. शुक्ला, महामंत्री राममूरत सिंह ठाकुर, जिला कोषाध्यक्ष राजनारायण दीक्षित सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।



बैठक की शुरुआत मां नर्मदा के पूजन के साथ की गई। इस अवसर पर नवागत आजीवन सदस्यों का शाल एवं तिलक लगाकर सम्मान किया गया। महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष श्रीमती कुंवरिया मरावी द्वारा उत्कृष्ट कार्य के लिए जिला महामंत्री राममूरत सिंह ठाकुर एवं जिला कोषाध्यक्ष राजनारायण दीक्षित को शाल-श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया।वार्षिक सम्मेलन के आयोजन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई तथा जिला कोषाध्यक्ष राजनारायण दीक्षित की अध्यक्षता में आयोजन समिति का गठन किया गया। आयोजन की अंतिम रूपरेखा आगामी गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2026 तक तय करने का निर्णय लिया गया।बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि अर्जित अवकाश एवं लोक निर्माण विभाग से संबंधित लंबित प्रकरणों के निराकरण हेतु व्यापक आंदोलन से पूर्व संबंधित मामलों में सीएम हेल्पलाइन में शिकायत दर्ज कराई जाएगी। इस प्रस्ताव का सभी सदस्यों ने समर्थन किया।बैठक के अंत में वक्ताओं ने वर्ष 2025 को विदाई देते हुए नववर्ष 2026 के स्वागत पर अपने विचार रखे। इस अवसर पर श्रीमती संतोष उयके एवं श्रीमती अंजोरा तेकाम की प्रस्तुति विशेष रूप से सराहनीय रही

# झोलाछाप की अवैध क्लीनिक सील, नायब तहसीलदार शैलेष गौर की सख्त कार्रवाई

**डिंडौरी।** जिले में झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ प्रशासन की सख्ती लगातार जारी है। कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया के निर्देशन में बुधवार को नायब तहसीलदार करंजिया श्री शैलेष गौर ने जनपद करंजिया अंतर्गत ग्राम रूसा रैयत में स्थित बचावल प्राथमिक उपचार केंद्र (कला रैयत) का औचक निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान केंद्र में मरीजों का एलोपैथिक दवाओं से उपचार किया जाना पाया गया। जांच में स्पष्ट हुआ कि उक्त प्राथमिक उपचार केंद्र का संचालन बिना वैध अनुमति के इतवारी लाल पिता पुलऊ लाल, निवासी बचावल द्वारा किया जा रहा था। मौके से एलोपैथिक दवाइयां भी बरामद की गईं।नायब तहसीलदार शैलेष गौर ने डॉक्टर एवं पुलिस बल की मौजूदगी में तत्काल कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से संचालित क्लीनिक को सील कर बंद करा दिया। प्रशासन ने दो टूक कहा है कि आमजन के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ आगे भी इसी तरह की सख्त कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।





# खाना पूर्ति कर विभाग ने झाड़ा पल्ला

## पानी के लिए किसान परेशान खुद कर रहे नहर की सफाई एवं मरम्मत



**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** कोतमा तहसील अंतर्गत जल संसाधन विभाग के द्वारा पिपरिया जलाशय का निर्माण कार्य करवाया गया है लेकिन ठेकेदार की लापरवाही एवं विभाग के कर्मचारियों की मिली भगत से नहर का काम इस बर्ष भी पूरा नहीं हो पाया है जिसके कारण देवगवां, धुम्मा, डोगरीटोला, मनटोलिया के किसानो को रवि फसल की सिंचाई के लिए पानी नही मिल पा रहा है। बताया जाता है कि नहर जगह जगह से टूटी हुई है पिछले बर्ष कलेक्टर के निर्देश पर जलसंसाधन विभाग के द्वारा मिट्टी डलवाया गया था और फिर बरसात के मौसम में खानापूर्ति करते हुए प्लास्टिक की पन्नी लगा कर जिम्मेदारी से इतिश्री कर ली लेकिन आज तक नहर का मरम्मत कार्य नही करवाया गया। बारिश के समय प्रमुखता से समाचार प्रकाशित किया था जिसको संज्ञान मे लेते हुए विभाग के द्वारा नहर के मरम्मत कार्य के लिए मौके पर पहुंचते हुए खाना पूर्ति कर बोरी एवं मिट्टी डलवाते हुए प्लास्टिक की पन्नी बिछवा दी गई थी लेकिन नहर में जमे खरपतवार की साफ सफाई नहीं करवाई गई जिसके कारण किसानों को सिंचाई के लिए पानी नहीं मिल पा रहा था जिसके कारण कुछ किसानों ने स्वयं नहर में लगे खरपतवार की सफाई करते हुए सिंचाई की व्यवस्था बनाये थे। किसानों का कहना है कि जब नहर की साफ सफाई एवं मरम्मत कार्य करवाए जाने को लेकर बात की जाती है तो एसडीओ का कहना रहता है कि जहां शिकायत करना है कर दो मैं क्या करूं मेरी जो जिम्मेदारी थी मैं उसे कर दिया हूं एसडीओ की बातों से किसानों में गुस्सा देखा जा रहा है। किसानों का कहना है कि रवि फसल को लेकर हम तैयारी मे लगे हुए हैं नहर जगह जगह से टूटी है हम खुद ही मिट्टी से बांध कर सिंचाई की व्यवस्था बना रहे हैं। जिससे उन्हें नहर से पानी मिल सके।

### दोबारा जारी हुआ टेंडर

जल संसाधन विभाग के द्वारा पहले जिस ठेकेदार को जलाशय एवं नहर निर्माण कार्य का टेंडर दिया गया था उस ठेकेदार के द्वारा समय पर कार्य पूरा नहीं किया गया जिसके कारण जल संसाधन विभाग के द्वारा ठेकेदार को भुगतान करते हुए दोबारा बैलेंस टेंडर जारी करते हुए लगभग तीन करोड़ रुपए का टेंडर भींड के ठेकेदार को दिया गया लेकिन उसकी भी समय सीमा पिछले मार्च माह मे समाप्त हो गई लेकिन नहर एवं जलाशय का अन्य कार्य अधूरा होने के कारण ठेकेदार के द्वारा समयावधि बढ़ाने के लिए विभाग को पत्राचार किया गया है।

### किया जा रहा राशि का दुरुपयोग

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जलाशय एवं नहर का काम अभी पूरा नही हुआ है और ना ही नहर का मरम्मत कार्य करवाया जा रहा है लेकिन फिर से लगभग 12 लाख रुपए का स्टीमेट बनाकर रीवा में स्थित इंजीनियर के पास भेजा गया है। कुल मिलाकर जलाशय के नाम पर राजस्व के राशि की होली खेली जा रही है। 1650 नहर मुंड माडा के पास आज तक नहर का सुधार कार्य नहीँ कराया जा रहा हैं। वर्तमान मे बेस्ट बियर के गाड़ बाल एवं पिचिंग का कार्य करवाया जरूर जा रहा लेकिन वह भी कछुआ गति से जिसके कारण किसानो को रवि फसल की सिंचाई के लिए सही ढंग से पानी नही मिल पा रहा है।

## हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा श्री गुरु गोविंद सिंध जी महाराज का पावन प्रकाश पर्व



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** श्री गुरु सिंध सभा गुरुद्वारा अनूपपुर मे प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी 05 जनवरी को समस्त संगत द्वारा श्री गुरु गोविंद सिंध जी महाराज का पावन प्रकाश पर्व बहुत ही हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। आयोजित कार्यक्रमो के अन्तर्गत प्रातः 10:30 बजे से 11:30 बजे तक शबद कीर्तन महिला मंडल द्वारा। 11:30 बजे से 1:15 बजे तक शबद कीर्तन ज्ञानी प्रीतम सिंध घनपुरी वाले द्वारा गायन किया जायेगा। उसके उपरान्त अरदास व कढा प्रसाद वितरण होगा, साथ ही गुरु का लंगर दोपहर 1:40 बजे से 4:00 बजे तक। श्री गुरु सिंध सभा गुरुद्वारा अनूपपुर के अध्यक्ष सरदार करतार सिंध व सचिव पलविन्दर सिंध बिट्टू ने समस्त संगत से कार्यक्रम मे सम्मलित होने की अपील की है। गुरुद्वारा अनूपपुर मे समस्त कार्यक्रम सिक्ख समाज व सिन्धु समाज मिलजुल कर प्रेम से समस्त कार्यक्रम आयोजित करता है।

## घायल बंदर का किया गया उपचार, की गई खाने पीने की व्यवस्था



हरिभूमि न्यूजबदरा।

बदरा सकोला स्थानीय निवासी राजेंद्र विश्वकर्मा के यहां कल रात्रि में करीब 8:00 बजे एक घायल बंदर घर में प्रवेश करके बेहोशी की हालत में बैठ गया जिस घर के लोग थोड़ी बहुत भयभीत हुए लेकिन घायल बंदर को देखते ही इसकी सूचना वन विभाग के लोगों को दिया गया घायल बंदर की सेवा में पारसनाथ विश्वकर्मा और सुभाष विश्वकर्मा, शिवानी द्वारा बहुत देखरेख किया गया। बंदर किसी तरह से कोई परेशानी घर वालों पर नहीं किया समय पर उपचार होने के बाद इसको सुरक्षित अस्पताल ले जाया गया इलाज होने के बाद उसे जंगल में छोड़ा गया विश्वकर्मा परिवार द्वारा बंदर का देखरेख एवं समय पर उपचार होने से ग्राम के लोग बधाई देने के लिए उपस्थित हुए।

# भूपेश बघेल का अमरकंटक में माँ नर्मदा दर्शन एवं पूजा-अर्चना कार्यक्रम संपन्न



**हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।** छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भगवान शिव की तपोस्थली एवं माँ नर्मदा के पावन उद्गम स्थल अमरकंटक (मध्य प्रदेश/छत्तीसगढ़ सीमा क्षेत्र) में स्थित माँ नर्मदा देवी के शक्तिपीठ में विधिवत दर्शन एवं पूजा-अर्चना की। इस दौरान उन्होंने माँ नर्मदा के पावन जल से आशीर्वाद प्राप्त कर प्रदेश व देशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की। अमरकंटक को नर्मदा नदी का उद्गम स्थल होने के साथ-साथ हिंदू धर्म में अत्यंत पवित्र एवं दिव्य स्थान माना जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार माँ नर्मदा के दर्शन मात्र से श्रद्धालुओं को मानसिक शांति, आध्यात्मिक ऊर्जा एवं जीवन में सकारात्मकता की अनुभूति होती है।

### विधि-विधान से पूजा-अर्चना

भूपेश बघेल ने नर्मदा मंदिर परिसर में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना एवं आरती में भाग लिया। श्रद्धा-भाव के साथ उन्होंने माँ नर्मदा के चरणों में शीश नवाया और मंगलकामनाएँ अर्पित कीं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार अमरकंटक स्थित यह शक्तिपीठ 51 शक्तिपीठों में से एक प्रमुख स्थल माना जाता है, जिसका उल्लेख रामायण एवं विभिन्न पुराणों में भी मिलता है।

### अमरकंटक का धार्मिक एवं सांस्कृतिक महत्व

अमरकंटक को भगवान शिव की तपोभूमि कहा जाता है, जहाँ माँ नर्मदा का प्राकट हुआ। यहाँ स्थित नर्मदा उद्गम कुंड, मंदिर एवं गुफा क्षेत्र में प्रतिदिन पूजा, अभिषेक एवं आरती का आयोजन होता है। देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालु इस पावन नगरी में आकर आत्मिक शांति एवं आध्यात्मिक संतुलन का अनुभव करते हैं।

### भूपेश बघेल का आध्यात्मिक संदेश

दर्शन उपरांत भूपेश बघेल ने कहा कि माँ नर्मदा की कृपा से सभी के जीवन में सुख, समृद्धि एवं मानसिक शांति बनी रहे। उन्होंने कहा कि ऐसे पवित्र स्थलों पर आकर पूजा-अर्चना करने से मन को शांति मिलती है और जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। अमरकंटक न केवल धार्मिक दृष्टि से, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक रूप से भी भारतीय विरासत का एक महत्वपूर्ण केंद्र है।

## खबर संक्षेप

### नाकाबंदी के चलते दो नशा तस्कर पुलिस की गिरफ्त में



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** नववर्ष को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में नरसिंहपुर पुलिस द्वारा विशेष सुरक्षा अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत आमजनों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात किया गया है तथा जिले के प्रमुख एवं संवेदनशील स्थानों पर नाकेबंदी की जा रही है। इसी दौरान थाना ठेमी पुलिस द्वारा मानेगांव-मुंगली मार्ग पर मुखबिर की सूचना के आधार पर नाकेबंदी की गई। नाकेबंदी के परिणामस्वरूप एक चार पहिया वाहन को रोका गया जिसकी तलाशी लेने पर भारी मात्रा में अवैध देशी शराब जप्त करने में सफलता प्राप्त हुई है।

### थाना ठेमी पुलिस की कार्यवाही

आरोपी शुभम कुशवाह निवासी ग्राम मानेगाँव, थाना ठेमी, जिला नरसिंहपुर आरोपी पंकज कोरी निवासी, ग्राम ठेमी, जिला नरसिंहपुर जप्त अवैध शराब कुल 30 पेटी देशी शराब, कीमत लगभग 2 लाख रूपये। अन्य जप्ती एक ईको कार क्रमांक एम.पी. 20 जेड. डब्ल्यू 2933 कीमत लगभग 5 लाख रूपये आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण पंजीवद्ध। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी ठेमी, निरीक्षक प्रीति मिश्रा, प्रधान आरक्षक केके सेन, भास्कर पटेल, कुलदीप ठाकुर, आरक्षक चंद्रप्रताप पटेल, सत्यम दुबे, विजय वासुकी, महिला आरक्षक रंजिता राजपूत की भूमिका रही ।

### उद्यानिकी विभाग परिसर में गुरूवार व रविवार को लगाया जाएगा जैविक हाट बाजार

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग नरसिंहपुर श्री मोरिस नाथ ने बताया कि कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह के निर्देशन में जिला मुख्यालय स्थित थाना कोतवाली के सामने शासकीय उद्यानिकी विभाग परिसर में एक जनवरी 2026 को प्राकृतिकध जैविक हाट बाजार लगाया जाएगा।

### वार्षिक परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत लाने के लिए योजना बनाकर लक्ष्य प्राप्त करने के निर्देश

# लापरवाही बरतने पर अशा. विद्यालय को कारण बताओ सूचना पत्र जारी



### कलेक्टर की अध्यक्षता में स्कूल शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक सम्पन्न

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में स्कूल शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। यह बैठक दो चरणों में आयोजित की गई।

बैठक में संयुक्त संचालक, कार्यालय लोक शिक्षण संचालनालय जबलपुर के सहायक संचालक श्रीमती दर्शना झारिया, जिला शिक्षा अधिकारी प्रतुल इंदुरख्या, अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक विपनेश जैन, जिले के समस्त विकासखंड के शिक्षा अधिकारी, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक और सभी प्राचार्य मौजूद थे। बैठक में सामेकित छात्रवृत्ति वर्ष 2025 के सफल भुगतान के लिए प्रोफाईल अपडेशन, स्वीकृति आदि का कार्य 15 दिवस में पूर्ण करने के निर्देश दिए। अशासकीय विद्यालयों के द्वारा समय पर छात्रवृत्ति के कार्य में लापरवाही बरतने पर अशासकीय विद्यालय को कारण बताओं सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिए। बैठक में सभी स्त्रोत समन्वयकों को निर्देशित किया



कि ड्रॉप आउट विद्यार्थियों की मैपिंग के कार्य में तेजी लाएं। साथ ही पलायन विद्यार्थियों को चिन्हित कर शेष विद्यार्थियों की जानकारी प्राप्त कर मैपिंग का कार्य पूर्ण किया जाए। वर्ष 2025-26 के लिए वार्षिक परीक्षा परिणाम शतप्रतिशत लाने के लिए जिले में संचालित विद्यालयों का सघन निरीक्षण किया जाए। निरीक्षण के दौरान विद्यार्थियों एवं शिक्षक से विषय वस्तु के ज्ञान पर परिचर्चा करने एवं टेस्ट लिया जाए। पूर्व वर्षों की भांति इस वर्ष भी वार्षिक परीक्षा परिणाम शतप्रतिशत लाने के लिए योजना बनाकर लक्ष्य प्राप्त करना सुनिश्चित करें। कक्षा 10 वीं में गणित तथा विज्ञान विषय के विशेषज्ञों द्वारा अध्यापन का कार्य योजना बनाकर किया जावे। पूर्व वर्षों में अभ्यास प्रश्न, वन लाईनर प्रश्न, ब्लू प्रिन्ट आदि के द्वारा वार्षिक परीक्षा की तैयारी कराने के निर्देश प्रदान किये। डी एवं ई ग्रेड के विद्यार्थियों के लिए रेमेडियल कक्षाओं में विद्यार्थियों के उत्तीर्ण होने के दृष्टिकोण से सरल ऑपिक्स चिन्हित कर अध्यापन एवं अभ्यास कराया जाए। ए एवं बी ग्रेड के विद्यार्थियों के लिए विशेष कक्षाएँ संचालित करने के निर्देश दिए। विभाग अंतर्गत समस्त लोक सेवक के द्वारा ई- उपस्थिति लगाने के निर्देश दिए। साथ ही ऐसे लोक सेवक जो ई- उपस्थिति नहीं लगाई जा रही है, उन्हें कड़ाई से पालन करवाने के निर्देश दिए और स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिए। सहायक संचालक श्रीमती दर्शना झारिया ने वार्षिक परीक्षा परिणाम में शतप्रतिशत लाने के निर्देश दिए।

## जिला पंचायत सीईओ पर हो कार्रवाई



### किसान मजदूर महासंघ ने ज्ञापन सौंपा

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** बरमान रेत घाट पर जिला पंचायत सीईओ गजेंद्र नागेश द्वारा की गई अभद्रता व मारपीट के मामले में कार्यवाही करने की मांग को लेकर किसान मजदूर महासंघ ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि बरमान रेतघाट पर, उचित प्रसाधन व्यवस्थायें न होने पर एक पुजारी व एक युवक ब्रजेश नौरिया द्वारा रेत में पेशाब किये जाने की बात को लेकर जिला पंचायत सीईओ ने पुजारी को धमकाया, डराया व उनके साथ अभद्रता की । साथ ही एक युवक ब्रजेश नौरिया के साथ स्वंय श्री नागेश व उनके साथ उपस्थित पुलिसकर्मी ने मारपीट की। उक्त अधिकारी के द्वारा अपने पद के विपरीत सार्वजानिक रूप से किसी बुजुर्ग के साथ अभद्रता व युवक के साथ मारपीट करने और उस घटना को सोशल मीडिया पर वायरल करने से समाजों ओर आमजन में जिले में उक्त अधिकारी की कार्यप्रणाली के खिलाफ व्यापक आक्रोश है । जरूरत है कि उक्त अधिकारी ज्ञापन देते समय किसान मजदूर महासंघ से युवा प्रदेश उपाध्यक्ष ऋषिराज पटेल, संभाग उपाध्यक्ष कमल सिंह लोधी, जिला अध्यक्ष रविंद्र सिंह लोधी, मयंक राय, अनुरुद्ध सिंह लोधी, ठाकुर खूब सिंह लोधी, चैधरी महेंद्र पटेल, अमित पटेल, अरविंद पटेल, सुममन कुशवाहा, रविंद पटेल, मोहन विश्वकर्मा, नरेश पटेल, आनंद ओकास, अभिषेक राय, सतीश पटेल, रविराज पटेल, नितिन मेहरा, अमित पटेल, दीपक साहू, मुनिराज पटेल, चरन सिंह लोधी, छोटू नोरीया, कृष्णा कश्यप, सुरेन्द्र ढीमर, रौनक नोरीया, दीपक नोरीया, हाकम नो, ऋतिक नोरीया सहित बड़ी संख्या में संगठन के पदाधिकारीगण एवं आमजन उपस्थित रहें।

### चलती गाड़ी में चढ़ने के प्रयास में यात्री गिरकर हुआ घायल

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** स्टेशन प्लेटफार्म क्रमांक 1 पर आज बुधवार को गाड़ी संख्या 12322 मुंबई हावड़ा मेल के आगमन पर चलती गाड़ी में चढ़ने के प्रयास में एक व्यक्ति गिरकर घायल होने के सूचना कमर्शियल. विभाग नरसिंहपुर के द्वारा सूचना प्राप्त होते ही कोच क्रमांक सीआर 196957 गार्ड साइड से लगे जीएस कोच में एक यात्री चढ़ने के प्रयास के दौरान गिरकर घायल हो गया जिसके सर व पीठ में चोट लगी थी रेलवे चिकित्सक डॉ. आर.आर. कुर्रे ने त्वरित कार्यवाही करते हुए यात्री का इलाज किया गया। 108 एम्बुलेंस के द्वारा आगे के इलाज के लिए. ऑक्सीजन सपोर्ट लगाया गया यात्री का सिर में चोट के कारण यात्री को जान बचाने के लिए तुरंत चिकित्सा संसाधन ऑक्सीजन सपोर्ट लगा कर. जिला अस्पताल भेजा गया जहां यात्री का इलाज किया जा रहा है। यात्री का नाम सहयात्री सुखचैन द्वारा सोम सिंह उम्र लगभग 50 से 55 वर्ष ग्राम खलवाडे पुलिस थाना मंडला के रूप में की गई। उक्त घटना में गाड़ी मैनेजर जगदीश प्रसाद मुख्यालय जबलपुर द्वारा गाड़ी को रोका गया उक्त घटना में गाड़ी 18 मिनट विलंबित हुई। रेलवे स्टेशन प्रबंधक सुनील जाट, आरपीएफ फिरोज खान, आरपीएफ लखन बर्माईया, कॉमर्शियल खान के सहयोग से यात्री के इलाज और जान बचाने मे अहम भूमिका रही।



## एनसीसी कैडेट्स ने लिया एक गोली एक दुश्मन का प्रशिक्षण

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।**1 एम.पी. बटालियन एन.सी.सी. जबलपुर के कमान अधिकारी कर्नल नितिन शर्मा के नेतृत्व एवं प्रशासनिक अधिकारी कर्नल समीर बोडास के निर्देशन में नरसिंहपुर जिले के सीनियर डिविजन, सीनियर विंग, जूनियर डिवीजन एवं जूनियर विंग के कैडेट्स को पुलिस फायरिंग रेन्ज हिनौतिया में 'एक गोली, एक दुष्मन' का पॉच दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। कैडेट्स ने फायरिंग रेन्ज ड्रिल, षिस्त लेना तथा सटीक फायरिंग करने का प्रशिक्षण प्राप्त किया। फायरिंग अभ्यास में एम.आई.एम.टी. कॉलेज नरसिंहपुर, प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस स्वामी विवेकानन्द शासकीय पी.जी. कॉलेज नरसिंहपुर, महात्मा गाँधी पी.जी. कॉलेज करेली, शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय नरसिंहपुर, ।सकीय सी.एम. राईज हायर सेकेंडरी स्कूल करेली, टी.एन.एस. हायर सेकेंडरी स्कूल करेली, शासकीय उ.मा. विद्यालय करेली बस्ती, टैगोर विद्या निकेतन स्कूल गाडरवारा एवं शासकीय उ.मा. विद्यालय बारहबड़ा के 440 एन.सी.सी. कैडेट्स ने प्वाइंट 22 राइफल से फायर किया। कमान अधिकारी कर्नल नितिन शर्मा एवं सूबेदार मेजर नारायण दास एवं वी.एच.एम. हवलदार ललित सिंह भंडारी ने फायरिंग रेन्ज का निरीक्षण किया। उन्हे एम.आई.एम.टी. एन.सी.सी. कम्पनी द्वारा गार्ड ऑफ आनर दिया गया। कमान अधिकारी ने अपने उद्बोधन में कहा कि एन.सी.सी. संगठन अखिल भारतीय स्तर पर कार्यरत है तथा सर्टिफिकेट परीक्षाओं की तैयारियां हेतु उक्त फायरिंग अभ्यास कैडेट्स के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगा। फायरिंग अभ्यास के दौरान इंजी. रुद्रेश तिवारी,फायरिंग प्रशिक्षण के लिए नियुक्त प्रभारी एन.सी.सी. अधिकारी मेजर डॉ. पराग नेमा सूबेदार प्रियांक सराठिया एवं सूबेदार लखन सिंह बघेल आर्मोर हवलदार राकेश पटेल ने फायरिंग रेंज पर एन.सी.सी. कैडेट्स का प्रोत्साहन किया।एन.सी.सी. अधिकारी लेफ्टि. जितेन्द्र कुमार मिश्रा, चीफ आफिसर योगेश गुप्ता, ए.राममोहन राव, भोले रजक, देवेन्द्र रजक, श्रवण कुमार ठाकुर, सुधीर भारद्वाज, रामसेवक कुशवाहा, प्रशान्त दुबे तथा गर्ल्स कैडेट्स इंस्पेक्टर के रूप में सुश्री कृतिका झारिया, सुश्री शीतल जाट, डॉ. अनीता सिंह, श्रीमती रजनी साहू, सुश्री पूजा वर्मा, श्रीमती रजनी रैकवार, श्रीमती अनुश्री तिवारी, श्रीमती शिवानी विश्वकर्मा तथा श्रीमती वैशाली कुरदे की विशेष उपस्थिति रहीं।



## मंदिर के पास फैली गंदगी और टूटी पुलिया ने बढ़ाई भक्तों की परेशानी



**गोटेगांव। नगर के न्यू बस स्टैंड के आगे स्थित हरदौल वार्ड में नवीन जैन मंदिर के समीप अव्यवस्थाओं का अंबार लगा हुआ है। यहाँ धर्म स्थल के पास पक्की नालियों का निर्माण न होने के कारण कच्ची नालियों से गंदा पानी रिस रहा है, जिससे मंदिर आने-जाने वाले श्रद्धालुओं और स्थानीय निवासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कॉलोनी वासियों का आरोप है कि निर्माण के समय कच्ची नालियों को पक्का करना नजरअंदाज कर दिया गया, जिसके चलते यहाँ हर समय गंदगी और दुर्गंध बनी रहती है।**

हैरानी की बात यह है कि कांक्रीट सड़क निर्माण के दौरान यहाँ जो पुलिया डाली गई थी, वह भी समय से पहले टूट चुकी है। सड़क और पुलिया की यह हालत निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े कर रही है। नालियों में पानी जमा रहने और निकासी न होने की वजह से मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है, जिससे संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बढ़ रहा है। मंदिर में दर्शन के लिए आने वाले भक्तों के बीच यह चर्चा का विषय बना हुआ है कि आखिर शासन और प्रशासन इस बदहाली से अनभिज्ञ क्यों बना हुआ है।स्थानीय वार्ड वासियों ने प्रशासन से मांग की है कि धर्म स्थल की मर्यादा और जनहित को ध्यान में रखते हुए इन कच्ची नालियों को तत्काल पक्का किया जाए। साथ ही, टूटी हुई पुलिया का पुननिर्माण कराकर जल निकासी की सुचारू व्यवस्था सुनिश्चित की जाए ताकि लोगों को इस नारकीय स्थिति से मुक्ति मिल सके।



### नन्हे खिलाड़ियों ने बेल्ट परीक्षा में दिखाई फुर्ती, तकनीक और कौशल का संगम

आत्मरक्षा के गुरों में पारंगत हुए युवा, ताइक्वांडो बैल्ट परीक्षा संपन्न गोटेगांव में विगत दिवस ताइक्वांडो खिलाड़ियों की बैल्ट परीक्षा का गरिमामय आयोजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर जिला ताइक्वांडो संघ नरसिंहपुर के अध्यक्ष एवं मणि नागेन्द्र सिंह फाउंडेशन के सचिव सरदार सिंह पटेल तथा जिला उपाध्यक्ष उमाशंकर छिरा विशेष रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों की मौजूदगी में खिलाड़ियों ने अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया, जिसके बाद उत्तीर्ण प्रतिभागियों को बैल्ट प्रदान कर सम्मानित किया गया। परीक्षा के दौरान खिलाड़ियों ने विभिन्न प्रकार की किक्स, हैंड एवं लेग तकनीक, पूमसे और फाइट का शानदार प्रदर्शन किया। बैल्ट परीक्षा में सफल होने वाले खिलाड़ियों में यलो बैल्ट श्रेणी में अहाना श्रीवास्तव, आदित्य शर्मा, आर्या पटेल, काव्या पटेल, तनिष्का राकेशिया, कीर्ति चौधरी, शशांक कतिया, अदिति मिश्रा, अनुष्का कतिया, अश्विनी सोनी, विहान श्रीवास्तव और स्वस्ति सोनी शामिल रहीं। ग्रीन बैल्ट में रूद्रप्रताप सिंह राजपूत, आरव चौकसे, भव्यांशी चौधरी, आवेश पटेल और करिश्मा जाटव ने सफलता पाई। ग्रीन वन बैल्ट विवान सेन, स्वास्तिक राय और करिश्मा जाटव को मिला। वहीं ब्लू बैल्ट पूर्वा विश्वकर्मा, प्रिंस पटेल और रेड बैल्ट अयांश राय व आयशा सिद्दीका ने हासिल की। अदिति पटेल रेड वन बैल्ट में उत्तीर्ण रहीं। इस आयोजन के दौरान राष्ट्रीय ताइक्वांडो खिलाड़ियों और सीनियर ब्लैक बैल्ट खिलाड़ियों ने नवीन खिलाड़ियों को एडवांस तकनीक का प्रशिक्षण भी दिया। प्रशिक्षण देने वालों में साक्षी राकेशिया, अंकित नामदेव, हरिओमशरण यादव और प्रशांतराज प्रमुख रहे। पूरी परीक्षा मुख्य प्रशिक्षक प्रकाश कुमार राकेशिया (ब्लैक बैल्ट सेकेण्ड डान, राष्ट्रीय रैफरी) के निर्देशन में संपन्न हुई, जबकि मोहम्मद सुहेल खां ने एग्जामनर की भूमिका निभाई।

## वीतरागिता ही सच्चा धर्म, मोह-माया के जाल से बचें - आचार्य समय सागर महाराज



**गोटेगांव।** जैन धर्म के सर्वोच्च संत आचार्य समय सागर महाराज के मंगल प्रवचन के दौरान धर्म और जीवन के गूढ़ रहस्यों पर सार्थक चर्चा हुई। आचार्यश्री ने कहा कि सांसारिक प्राणी को अब तक जो अच्छा लगा है वह वास्तव में अधर्म है और जो अच्छा नहीं लगा, वही सच्चा धर्म है। उन्होंने समझाया कि हमें राग अच्छा लगता है और हम वैराग्य से डरते हैं, यही डर हमारे संसार भ्रमण का मुख्य कारण बना हुआ है। आचार्यश्री ने वीतरागिता को धर्म और राग को अधर्म बताते हुए कहा कि जब तक मनुष्य मोह-माया के मकड़जाल में फंसा रहेगा, तब तक आत्म-कल्याण संभव नहीं है। शहरों की भागदौड़ पर प्रहार करते हुए आचार्य श्री ने कहा कि आज इंसान रोजगार की अंधी दौड़ में महानगरों की ओर भाग रहा है और फिर समय की कमी का बहाना बनाकर धर्म से विमुख हो रहा है। उन्होंने स्पष्ट संदेश दिया कि यदि शहर की व्यस्तता धर्म में बाधक है, तो बेहतर है कि इंसान अपने गांव-देहात वापस लौट आए क्योंकि धार्मिक संस्कारों के लिए सात्विक वातावरण गांव में ही सुलभ है। उन्होंने कहा कि आचार्य विद्यासागर जी महाराज ने भी अपना अधिकांश समय देहात और सिद्ध क्षेत्रों में इसीलिए बिताया क्योंकि वहां राग की अधिकता नहीं होती। आचार्यश्री ने प्रेरक सूत्र देते हुए कहा कि न जुड़ो न जोड़ो, जोड़ो तो बेजोड़ जोड़ो, जिसका अर्थ है कि नश्वर वस्तुओं से नाता तोड़कर उस बेजोड़ सत्ता यानी पंच परमेष्ठी और तीर्थंकर भगवान से नाता जोड़ना चाहिए। आयोजन के दौरान जीतो इंटरनेशनल के माध्यम से समाज सेवा के संकल्प भी दोहराए गए। प्रवचन से पूर्व चौधरी राजेश कुमार, सुबोध कुमार, विभाष जैन और मोहित जैन परिवार ने आचार्यश्री के पद प्रक्षालन का पुण्य लाभ लिया। जीतो के पूर्व अध्यक्ष चौधरी सुबोध जैन ने बताया कि संस्था शैक्षिक उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही है और अब तक जैन समाज के विद्यार्थियों को 55 करोड़ रुपये की मदद दी जा चुकी है।

## आज नगर में होंगे विविध धार्मिक आयोजन

**तेंदूखेड़ा।** एक जनवरी नव वर्ष की स्वागत बेला में नगर में विविध धार्मिक आयोजन किए जायेंगे। जिसमें श्री राम रसिया भक्त मंडल द्वारा विगत वर्षों से चली आ रही परम्परा को आगे बढ़ाते हुए नगर की सुख समृद्धि की कामना किसी भी प्रकार की कोई व्याधि वाधा ना आये को लेकर दादा दरबार श्री हनुमान मंदिर में 108 सुंदरकांड पाठ रात्रि में हवन पूजन के साथ संगीतमय चालीसा सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जाएगा।नगर के हरसिद्धि मंदिर परिसर में दोपहर में संगीतमय कार्यक्रम के साथ प्रसादी वितरण होगा। रात्रि में संगीतमय महाआरती का आयोजन किया जाएगा।इसी परिसर में पंचमुखी हनुमान मंदिर परिसर में 51 सुंदरकांड पाठों का आयोजन किया जाएगा।

### पर्यटन स्थलों नर्मदा तटों धार्मिक स्थलों पर रहेगी भीड़

नूतन वर्ष अभिनंदन की स्वागत बेला में जहां एक दूसरे को बधाई देने का सिलसिला जारी रहेगा वहीं आनंद लुप्त उठाने लोग धार्मिक स्थलों रमणीक स्थल तथा नर्मदा तटों पर पिकनिक पार्टी मनाने के लिए जायेंगे। पुण्य सलिला मां नर्मदा नदी में डुबकी लगाकर पुण्य लाभ अर्जित करेंगे। स्कूली छात्रों की छुट्टियां हो जाने के कारण छोटे छोटे बच्चों में घूमने का एक अच्छा मौका मिल गया है। एवं उत्साह का वातावरण देखने को मिल रहा है।

विशाल कलश यात्रा के साथ निकलेगी शोभायात्रा

तहसील तेंदूखेड़ा के अंतर्गत आने वाले पुण्य सलिला माँ नर्मदा की गोद में बसे ग्राम झिरी बारह घाट में एक जनवरी से तीन जनवरी के बीच 9 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन वृहद स्तर पर आयोजित किया जाएगा।जिसके तहत आज 1 जनवरी को दोपहर 1 बजे से विशाल कलश यात्रा के साथ शुभारंभ होगा 2 और 3 जनवरी को यज्ञ के माध्यम से विविध आयोजन होंगे संस्कारों की दीक्षा दिलाई जाएगी। वरिष्ठ परिजन वृन्दावन पटेल ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रात काल से ही योग के माध्यम से जीवन-यापन के तौर-तरीकों यज्ञ अनुष्ठान में आहुतियों के महत्व दोपहर में प्रवचनों के माध्यम से जीवन को सात्विक बनाने विचारों के माध्यम से हम सुधरेंगे युग सुधरेगा की परिकल्पना को साकार करने अमृत ज्ञान विद्वान प्रज्ञा पंडितों द्वारा दिया जायेगा।

## 30 जनवरी को किसान मजदूर आंदोलन की तैयारियों को लेकर गांव गांव में बैठकों का दौर

**तेंदूखेड़ा।** किसान एवं मजदूरों की ज्वलंत समस्याओं को लेकर राष्ट्रीय किसान मजदूर संघ नरसिंहपुर द्वारा ग्राम-ग्राम बैठकों का सिलसिला प्रारंभ हो गया है। इसी क्रम में ग्राम इकाई पीपरपानी में भगवान बलराम एवं हनुमान जी महाराज के पूजन-अर्चन के उपरांत बैठक का शुभारंभ किया गया।। जिसमें बड़ी संख्या में किसान एवं मजदूर साथी उपस्थित रहे।

संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि यह बैठकें आगामी 30 जनवरी 2026 को प्रस्तावित विशाल आंदोलन धरना-प्रदर्शन की तैयारी के तहत आयोजित की जा रही हैं। जिसके चलते पीपरपानी एवं महुआखेड़ा ग्राम इकाइयों की बैठकें सफलतापूर्वक संपन्न हुईं।

बैठकों में किसानों की गंभीर समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई तथा आंदोलन के प्रमुख मुद्दों को सर्वसम्मति से रखा गया। इस आंदोलन में प्रमुख रुप से चिकनी बैराज से वंचित विंध्याचल क्षेत्र के ग्रामों को शीघ्र सिंचाई जल उपलब्ध कराया जाएगन्ना मूल्य में न्यायसंगत एवं यथोचित वृद्धि की जाए

### यूरिया एवं डी ए पी खाद की नियमित पर्याप्त व समयबद्ध आपूर्ति सुनिश्चित की जाए

विद्युत विभाग की घोर अनियमितताओं पर तत्काल कार्रवाई की जाए राजस्व विभाग से संबंधित लंबित एवं जनहित के मामलों का शीघ्र निराकरण किया जाए संघ ने सभी किसानों मजदूरों एवं संगठन के पदाधिकारियों से आह्वान किया है कि वे 30 जनवरी को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर आंदोलन को सफल बनाएं।राष्ट्रीय किसान मजदूर संघ ने स्पष्ट किया कि यदि किसानों की समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो आंदोलन को और अधिक व्यापक रूप दिया जाएगा, जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।